SOF OLYMPIADS

CLASS 4

SAMPLE PAPER 2025-26

अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड
IHO
SOF INTERNATIONAL HINDI OLYMPIAD

कुल प्रश्न : 35 | समय : 1 घंटा

पैटर्न तथा अंक योजना			
खंड	(1) शब्द और व्याकरण बोध	(2) रचनात्मक बोध	(3) मेधावी खंड
प्रश्नों की संख्या	20	10	5
अंक प्रति प्रश्न	1	1	2

पाठ्यक्रम

खंड-1: हमारी भाषा, वर्ण एवं वर्णमाला, शब्द एवं वाक्य, संज्ञा, सर्वनाम एवं विशेषण, काल एवं क्रिया, लिंग एवं वचन, शब्द-भंडार, अशुद्धि संशोधन एवं विराम-चिह्न, गिनती, दिनों एवं महीनों के नाम, शब्दकोश एवं सामान्य शब्द, सामान्य हिंदी ज्ञान

खंड-2: अपठित गद्यांश एवं मुहावरे

खंड-3: उच्चतर क्रम सोच कौशल आधारित प्रश्न– खंड 1 और 2 के पाठ्यक्रम के अनुसार

शब्द और व्याकरण बोध

1. भाषा के ____________ रूप होते हैं।

(क) तीन (ख) दो (ग) पाँच (घ) चार

2. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द का स्त्रीलिंग शब्द बताइए–

सुमित एक प्रसिद्ध <u>धावक</u> है।

(क) धाविका (ख) धावीका (ग) धविका (घ) इनमें से कोई नहीं

3. जिस प्रकार 'कठोर' का विलोम 'कोमल' होता है, उसी प्रकार 'उपकार' का विलोम है–

(क) उत्पत्ति (ख) अपमान (ग) अपकार (घ) उदय

4. दिए गए वाक्य में रेखांकित शब्द में संज्ञा का भेद बताइए–

<u>विराट कोहली</u> एक प्रसिद्ध खिलाड़ी हैं।

(क) व्यक्तिवाचक (ख) जातिवाचक (ग) भाववाचक (घ) इनमें से कोई नहीं

5. निम्नलिखित वाक्यों में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए–

(क) यह सचिन का घड़ी है।
(ख) हम पूरे देश में घूमा।
(ग) मेरे को भोजन चाहिए।
(घ) मुझे कल दिल्ली जाना है।

6. क्रिया के जिस रूप से कार्य के होने के समय का पता चलता है, उसे ____________ कहते हैं।

(क) क्रिया (ख) कारक (ग) काल (घ) संज्ञा

रचनात्मक बोध

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्न संख्या 7 और 8 के उत्तर दीजिए–

व्यक्ति का मन चाहे कितना भी उदास क्यों न हो, अगर उसे अपना मनभावन संगीत सुनने को मिल जाता है तो कुछ पल के लिए वह अपनी सारी बेचैनी और समस्या को भूल जाता है। दरअसल, संगीत में वह शक्ति होती है जिससे हमारा ध्यान किसी एक तरफ़ केंद्रित हो जाता है। एक अच्छा संगीत, मनुष्य की मन:स्थिति में बदलाव लाने में बेहद अहम भूमिका निभाता है। संगीत हमारी नकारात्मक भावनाओं को सकारात्मकता में बदल सकता है। यह हमारे अंदर ख़ुशी और सुखद अनुभूति का संचार करता है। कुछ संगीत तो ऐसे हैं, जिनमें हम इतना खो जाते हैं कि हमें समय का भी ध्यान नहीं रहता है। अपना पसंदीदा संगीत सुनने पर तो सारी थकान चली जाती है और हम अपने–आपको एकदम तरोताज़ा महसूस करते हैं।

7. अच्छा संगीत क्या बदल सकता है?

(क) मनुष्य की भावना
(ख) मनुष्य का व्यवहार
(ग) मनुष्य की मन:स्थिति
(घ) इनमें से कोई नहीं

8. संगीत हमारी नकारात्मक भावनाओं को किस भावना में बदल सकता है?

(क) घृणात्मक
(ख) भावात्मक
(ग) सकारात्मक
(घ) विचारात्मक

मेधावी खंड

9. भाषाओं तथा उनकी लिपियों के मिलान के उचित विकल्प का चयन कीजिए–

भाषाएँ	**लिपियाँ**
(अ) हिंदी	(i) फ़ारसी
(ब) अंग्रेज़ी	(ii) गुरुमुखी
(स) उर्दू	(iii) देवनागरी
(द) पंजाबी	(iv) रोमन

(क) (अ)–(ii), (ब)–(iv), (स)–(i), (द)–(iii)
(ख) (अ)–(iii), (ब)–(iv), (स)–(i), (द)–(ii)
(ग) (अ)–(iii), (ब)–(i), (स)–(iv), (द)–(ii)
(घ) (अ)–(ii), (ब)–(iii), (स)–(iv), (द)–(i)

10. निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़कर उचित विकल्प का चयन कीजिए–

(अ) हिंदी भाषा में ग्यारह स्वर होते हैं।
(ब) वचन के दो भेद होते हैं।
(स) संयुक्त व्यंजनों की संख्या तीन होती है।

(क) केवल (अ) सही है।
(ख) केवल (ब) सही है।
(ग) (अ) तथा (ब) दोनों सही हैं।
(घ) (अ), (ब) तथा (स) तीनों सही हैं।

उत्तर कुंजी

1. (ख) 2. (क) 3. (ग) 4. (क) 5. (घ) 6. (ग) 7. (ग) 8. (ग) 9. (ख) 10. (ग)